# प्रैक्टिस सेट 08

## 01 सामान्य विज्ञान

1. रोडोफाइसी के सदस्यों को प्राय: ······ शैवाल कहते हैं।
(a) हरा (b) भूरा (c) लाल (d) पीला

2. निम्नलिखित में से तूतिया किसका अन्य नाम है?
(a) कॉपर सल्फेट (b) ऑक्सीजन
(c) कॉपर (d) मैग्नीशियम ऑक्साइड

3. कुछ जीव तापमानों के व्यापक परास (चरम) सहन कर सकते हैं और उसमें खूब बढ़ते हैं। ये ······ कहलाते हैं।
(a) परासरणी (Osmotic)
(b) पृथुतापी (Eurythermal)
(c) तनुतापी (Stenothermal)
(d) उष्णजलीय (Hydrothermal)

4. थाइमस ग्रन्थि द्वारा निर्मित हॉर्मोन का क्या नाम है?
(a) थायरॉक्सिन (b) ऑक्सिन्स
(c) साइटोकिनिन्स (d) थायमोसिन

5. प्रकाश-संश्लेषण क्लोरोफिल तथा ··············· की उपस्थिति में होता है।
(a) वाटर
(b) पोषक तत्व
(c) कार्बन डाइ-ऑक्साइड
(d) सूर्य का प्रकाश

6. साबुन का बुलबुला ············ के कारण गोला आकार प्राप्त कर लेता है।
(a) जड़त्व (b) दाब
(c) पृष्ठ तनाव (d) श्यानता

7. भूमण्डलीय तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) की घटना में सबसे अधिक योगदान किस गैस का है?
(a) मेथेन
(b) क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सी.एफ.सी.)
(c) नाइट्रोजन डाइ-ऑक्साइड
(d) कार्बन डाइ-ऑक्साइड

8. सोडियम क्लोराइड (नमक) का रासायनिक सूत्र क्या है?
(a) $NaCl_2$ (b) $NaCl$ (c) $Na_2Cl$ (d) $Na_2C$

9. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यावसायिक उत्पाद जिलेडियम और ग्रेसिलेरिया से मिलता है, जिसका उपयोग सूक्ष्म जीवियों के संवर्धन में तथा आइसक्रीम और जैली बनाने में किया जाता है?
(a) अगार (Agar)
(b) क्लोरैला (Chlorella)
(c) स्पिरुलाइना (Spirullina)
(d) जिम्नोस्पर्म (Gymnosperm)

10. यदि किसी वस्तु का द्रव्यमान 60 किग्रा है, तो चन्द्रमा पर उसका वजन क्या होगा? (N = न्यूटन)
(a) 60 N (b) 600 N (c) 100 N (d) 10 N

11. अम्ल और क्षारक की अभिक्रिया में लवण के साथ और क्या बनता है?
(a) हाइड्रोजन गैस (b) ऑक्सीजन गैस
(c) कार्बन डाइ-ऑक्साइड (d) पानी

12. ······ प्राणी जगत् का सबसे बड़ा संघ है, जिसमें कीट भी सम्मिलित हैं।
(a) ऐनेलिडा (b) कॉर्डेटा
(c) आर्थ्रोपोडा (d) प्लेटिहैल्मिन्थिज

13. इन्सुलिन की खोज किसने की?
(a) सर अलेक्जेण्डर फ्लेमिंग
(b) फ्रेडरिक बैण्टिंग
(c) जेम्स वॉट
(d) सर एफ.जी. होपकिंस

14. दर्पण जैसे चिकने पृष्ठ से होने वाले परावर्तन को ··········· परावर्तन कहते हैं।
(a) नियमित (b) अनियमित
(c) विसरित (d) संगलित

15. प्रतिरोध को मापने की इकाई क्या है?
(a) ओम (b) फैरड (c) हेनरी (d) वेबर

16. निम्नलिखित में से कौन-सा मानव हृदय तक अशुद्ध रक्त पहुँचाता है?
(a) महाधमनी (b) फेफड़े की नस
(c) फेफड़े की धमनियाँ (d) महाशिरा

17. निम्नलिखित में से कौन एल्युमीनियम का अयस्क है?
(a) गलेना या साधारण कच्चा सीसा
(b) क्रायोलाइट
(c) सिनेबार
(d) सेंधा नमक

18. सरल लोलक एक दोलन पूरा करने में जितना समय लगाता है, उसे क्या कहते हैं?
(a) अधिकतम चाल (b) औसत चाल
(c) आवर्तकाल (d) समय अन्तराल

19. धातु सोडियम हाइड्रॉक्साइड से अभिक्रिया करके ············ उत्पन्न करती हैं।
(a) ऑक्सीजन गैस (b) सोडियम
(c) जल (d) हाइड्रोजन गैस

20. पादप कोशिकाभित्ति मुख्यत: किससे बनी होती है?
(a) लिपिड (b) विटामिन
(c) सेल्युलोज (d) प्रोटीन

21. कोहरा, बादल और कुहासा ···· के उदाहरण हैं।
(a) ऐरोसॉल (b) ठोस सॉल
(c) झाग (d) जैल

22. जब एक चींटी काटती है, तो किस अम्ल का रिसाव होता है?
(a) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (b) फॉर्मिक अम्ल
(c) एसीटिक अम्ल (d) फॉस्फोरिक अम्ल

23. इटाई-इटाई नामक बीमारी के लिए कौन-सी धातु उत्तरदायी होती है?
(a) कैडमियम (b) निकेल
(c) क्रोमियम (d) पारा

24. निम्नलिखित में से मानव शरीर की किस प्रणाली से नेफ्रॉन सम्बन्धित है?
(a) परिसंचरण प्रणाली (b) उत्सर्जन प्रणाली
(c) जनन प्रणाली (d) श्वसन प्रणाली

25. सूर्य की किरणों से कौन-सा विटामिन प्राप्त होता है?
(a) विटामिन-A (b) विटामिन-C
(c) विटामिन-K (d) विटामिन-D

Scanned by CamScanner

# 02 गणित

26. 12 कुर्सियों और 15 मेजों की कीमत ₹58968 है, तो 4 कुर्सियों और 5 मेजों की कीमत कितनी होगी?
(a) ₹19656 (b) ₹39312
(c) ₹29484 (d) इनमें से कोई नहीं

27. वह छोटी-से-छोटी संख्या बताइए, जिसे क्रमशः 5, 10, 12 और 15 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 2 आता हो तथा 7 से विभाजित करने पर शेषफल शून्य आता हो
(a) 91 (b) 175
(c) 189 (d) 182

28. यदि 12 किग्रा गेहूँ की कीमत ₹228 हो, तो 112 किग्रा गेहूँ की कीमत क्या होगी?
(a) ₹2128 (b) ₹2478
(c) ₹2298 (d) ₹2300

29. एक संख्या में 3 जोड़ने पर वह 36, 45 और 50 से विभाजित होती है, ऐसी सबसे छोटी संख्या है
(a) 798 (b) 897
(c) 986 (d) 1797

30. 9909 से ठीक पहले आने वाली पूर्ण वर्ग संख्या कौन-सी है?
(a) 9900 (b) 9801
(c) 9908 (d) 9899

31. सेब की कीमतों में 15% गिरावट के कारण एक विक्रेता ₹240 में 2 किग्रा अधिक सेब खरीद सकता है। सेब की प्रति किग्रा नई कीमत क्या होगी?
(a) ₹18 (b) ₹20
(c) ₹36 (d) ₹15

32. यदि 6 वर्षों की साधारण ब्याज की धनराशि, मूलधन के 30% के बराबर हो, तो यह कितने वर्षों में मूलधन के बराबर हो जाएगी?
(a) 30 वर्ष (b) 20 वर्ष
(c) 22 वर्ष (d) 10 वर्ष

33. एक बल्लेबाज के 11 पारियों में बनाए गए रनों का कुछ औसत है। 12वीं पारी में वह 90 रन बनाता है, जिससे उसके रनों का औसत 5 कम हो जाता है। 12वीं पारी के बाद उसके रनों का औसत क्या होगा?
(a) 170 (b) 150
(c) 127 (d) 145

34. एक धनराशि साधारण ब्याज की दर से 3 वर्षों में ₹815 हो जाती है तथा 4 वर्षों में ₹854 हो जाती है, तो वह धनराशि क्या होगी?
(a) ₹690 (b) ₹698
(c) ₹692 (d) ₹700

35. रवि 800 सन्तरे को ₹3.75 प्रति दर्जन की दर से खरीदता है। जिसमें से 450 सन्तरे को वह ₹1 में 2 सन्तरे की दर से तथा शेष को ₹2 में 5 सन्तरे की दर से बेचता है, तो उसके लाभ या हानि का प्रतिशत ज्ञात कीजिए
(a) 40% हानि (b) 46% लाभ
(c) 42% हानि (d) 45% लाभ

36. किसी वस्तु का क्रय मूल्य ₹8000 है तथा उसका अंकित मूल्य ₹11200 है। $x$% छूट देने के बाद 12% का लाभ हो, तो $x$ का मान होगा
(a) 23% (b) 20% (c) 22% (d) 21%

37. 12% वार्षिक दर से सरल ब्याज पाने के लिए माधव, ₹58750 की धनराशि 4 वर्षों के लिए जमा करते हैं। 4 वर्षों के अन्त में माधव को कुल कितनी धनराशि प्राप्त होगी?
(a) ₹69540 (b) ₹74460
(c) ₹86950 (d) ₹91230

38. 60 लीटर के एक मिश्रण में एथेनॉल और ईथर का अनुपात 4 : 1 है। इस अनुपात को 2 : 1 बनाने के लिए और कितनी ईथर की मात्रा बढ़ानी होगी?
(a) 24 लीटर (b) 10 लीटर
(c) 18 लीटर (d) 12 लीटर

39. ₹7800 की धनराशि पर 5% वार्षिक दर से 3 वर्ष बाद कितना चक्रवृद्धि ब्याज प्राप्त होगा?
(a) ₹1235.685 (b) ₹1229.475
(c) ₹1287.68 (d) ₹1200

40. कमल की आयु उसकी बहन गीता की आयु की 5 गुनी है, जो अपने भाई राम से 2 वर्ष छोटी है। यदि राम की आयु 8 वर्ष है, तो कमल की आयु क्या होगी?
(a) 30 वर्ष (b) 28 वर्ष
(c) 26 वर्ष (d) 40 वर्ष

41. 20%, 15% एवं 10% की उत्तरोत्तर छूटों की एकल छूट कितने के बराबर है?
(a) 42.9% (b) 32.7%
(c) 45% (d) 38.8%

42. निम्न अंकों के समूह का औसत ज्ञात कीजिए
352, 324, 679, 748, 523, 425, 340, 249
(a) 520 (b) 660 (c) 428 (d) 455

43. रवि और जय की वर्तमान आयु का अनुपात 3 : 2 है। यदि 4 वर्ष पूर्व रवि की आयु जय की आयु से 6 वर्ष अधिक थी, तो जय की वर्तमान आयु क्या है?
(a) 12 वर्ष (b) 18 वर्ष
(c) 16 वर्ष (d) 15 वर्ष

44. एक साइकिल चालक 24 किमी की दूरी को 16 किमी/घण्टा तथा 36 किमी की दूरी को 15 किमी/घण्टा की गति से तय करता है। उसकी पूरी यात्रा की औसत गति ज्ञात कीजिए
(a) 15.38 किमी/घण्टा (b) 16 किमी/घण्टा
(c) 15.5 किमी/घण्टा (d) 16.38 किमी/घण्टा

45. यदि $X$, $Y$ का 25% है तथा $Y$, $Z$ का 50% है, तो $X : Z$ ज्ञात कीजिए
(a) 2 : 8 (b) 2 : 4
(c) 1 : 8 (d) 1 : 4

46. $A$ एक दीवार को 30 दिनों में बना सकता है तथा $B$ अकेला उसी दीवार को 40 दिनों में बना सकता है। यदि वे दोनों मिलकर दीवार बनाते हैं और ₹7000 मजदूरी प्राप्त करते हैं, तो $B$ का हिस्सा क्या होगा?
(a) ₹3000 (b) ₹5000
(c) ₹4000 (d) ₹2500

47. एक कार को दो स्थानों की दूरी, जो 46 किमी है, 1 घण्टे में तय करनी है। यदि वह कार 25 किमी की दूरी 40 किमी/घण्टा की गति से तय करती है, तो शेष यात्रा निर्धारित समय में पूरी करने के लिए उसकी गति क्या होनी चाहिए?
(a) 58 किमी/घण्टा
(b) 65 किमी/घण्टा
(c) 56 किमी/घण्टा
(d) 60 किमी/घण्टा

48. $A$ एक घड़ी खरीदने पर उसके विक्रय मूल्य पर 24% की छूट प्राप्त करता है, यदि वह घड़ी के लिए ₹779 कीमत देता है, तो उस घड़ी का अंकित मूल्य क्या होगा?
(a) ₹1040 (b) ₹1025
(c) ₹950 (d) ₹900

49. दो रेलगाड़ी जिनकी लम्बाई क्रमशः 180 मी एवं 120 मी है, समान्तर पटरी पर एक-दूसरे के विपरीत दिशा में क्रमशः 65 किमी/घण्टा और 55 किमी/घण्टा की गति से दौड़ती है, वे कितने सेकण्ड में एक-दूसरे को पार कर लेगी?
(a) 9 (b) 6 (c) 12 (d) 15

50. यदि ₹25000 की धनराशि पर तीन वर्षों के अन्त में साधारण ब्याज की दर से जमा होने वाला ब्याज ₹7500 हो, तो उसी धनराशि पर समान दर से तीन वर्ष के अन्त में जमा होने वाला चक्रवृद्धि ब्याज क्या होगा?
(a) ₹8500 (b) ₹8275
(c) ₹7750 (d) ₹8250

Scanned by CamScanner

# 03 सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति

**51.** एक कक्षा में 300 छात्र हिन्दी बोलते हैं। 150 छात्र अंग्रेजी तथा 100 छात्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों बोलते हैं। कक्षा में कुल कितने छात्र हैं?
(a) 160 (b) 350 (c) 250 (d) 120

**52.** ADULTERATION शब्द के अक्षरों से निम्न में से कौन-सा शब्द नहीं बनाया जा सकता है?
(a) RELATION (b) RETAIL
(c) RETURNING (d) TOILET

**53.** निम्न समीकरण में दोनों प्रश्नचिह्नों (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
$\frac{32}{?} = \frac{?}{648}$
(a) 72 (b) 288 (c) 188 (d) 144

**54.** दी गई समरूपता के आधार पर, दिए गए विकल्पों में से नहीं दिया गया शब्द ज्ञात करें।
मक्खन : दूध :: किताब : ______
(a) लेखक (b) पेपर (c) पाठ (d) छपाई

**55.** 20 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, R दाईं ओर से पाँचवाँ है और T बाईं ओर से चौथा है। R तथा T के मध्य कितने विद्यार्थी हैं?
(a) 10 (b) 12 (c) 13 (d) 11

**56.** निम्न विकल्पों में किसी विशेष नियम के आधार पर कुछ अक्षरों को छोड़ा गया है। निम्न में से कौन-सा विकल्प उस नियम का पालन करता है?
(a) AEINRY (b) AEJOTY
(c) AFKPUZ (d) AFKPTY

**57.** किसी निश्चित विधि में निम्न दिए हुए चार विकल्पों में से तीन विकल्प समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। निम्न चारों विकल्पों में से विषम शब्द का चयन कीजिए
(a) नमक (b) जीरा
(c) काली मिर्च (d) मिर्च

**58.** निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प को चुनिए, जो इस श्रृंखला को पूर्ण करे
100, 50, 52, 26, 28, ?, 16, 8
(a) 30 (b) 14 (c) 32 (d) 36

**59.** गोविन्द की ओर इशारा करते हुए गोपाल ने कहा, "उसका पिता मेरे पिताजी का एकमात्र पुत्र है।" गोपाल का गोविन्द से सम्बन्ध ज्ञात कीजिए
(a) पुत्र (b) पौत्र (c) दादा (d) पिता

**60.** ANP अक्षरों में प्रत्येक अक्षर का उपयोग सिर्फ एक ही बार करते हुए कुल कितने अर्थपूर्ण अंग्रेजी शब्द बना सकते हैं?
(a) तीन (b) दो (c) चार (d) एक

**61.** पाँच लड़के एक कतार में बैठे हैं। A, B के दाएँ बैठा है। B के बाएँ E जो C से दाएँ बैठा है। यदि A, D के बाएँ बैठा हो, तो कतार के मध्य में कौन बैठा है?
(a) C (b) B (c) A (d) E

**62.** जिस प्रकार, 'बैंक' का सम्बन्ध 'मनी' से है, उसी प्रकार, 'ट्रांसपोर्ट' का सम्बन्ध ......... है।
(a) गुड्स से (b) रोड से
(c) मूवमेण्ट से (d) यातायात से

**63.** यदि LIBERALIZATION का कूट 34256134918470 की तरह किया जाए, तो उसी कूट भाषा में AERATION का कूट होगा
(a) 15618471 (b) 15168470
(c) 15618470 (d) 15186471

**64.** अमर, सुजय से छोटा है, किन्तु अभय से छोटा नहीं। जीवन, कुमार से बड़ा है, जो सुजय से बड़ा है, तो बताइए सबसे बड़ा कौन होगा?
(a) सुजय (b) जीवन
(c) कुमार (d) इनमें से कोई नहीं

**65.** 7, 10, 8, 11, 9, 12, ... श्रृंखला को देखकर अगली संख्या ज्ञात करो
(a) 10 (b) 7
(c) 12 (d) 14

**66.** निम्न दिए गए चार विकल्पों में तीन विकल्प आपस में सम्बन्ध रखते हैं और समूह बनाते हैं। चौथा विकल्प, जो उनसे सम्बन्ध नहीं रखता, उसका चयन कीजिए
(a) पारा (b) ताँबा
(c) चाँदी (d) एल्युमीनियम

**67.** दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को चुनिए, जो निम्न श्रृंखला को पूर्ण करे
3, 6, 12, 21, ?, 48
(a) 38 (b) 36 (c) 33 (d) 34

**68.** यदि BAT = 69 है, तो MAN का मान है
(a) 104 (b) 85 (c) 88 (d) 84

**69.** प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर निम्न में से क्या आएगा?
$? \div 26 \times 17 = 7225$
(a) 11950 (b) 10950
(c) 11050 (d) 11235


**70.** निम्न संख्या समूह का औसत क्या होगा?
587, 221, 60, 342, 188, 426, 225, 367
(a) 302 (b) 224 (c) 258 (d) 250

**71.** निम्न संख्या श्रृंखला की अगली संख्या क्या होनी चाहिए?
98765432187654321765432 1
(a) 7 (b) 8 (c) 9 (d) 6

**72.** एक व्यक्ति की आयु उसके प्रथम पुत्र के जन्म के समय 32 वर्ष थी। उसके पुत्र की आयु 7 वर्ष होने पर उस व्यक्ति की पत्नी की आयु 35 वर्ष थी, तो उस व्यक्ति तथा उसकी पत्नी की आयु के बीच का अन्तर क्या होगा?
(a) 3 वर्ष (b) 5 वर्ष
(c) 7 वर्ष (d) 4 वर्ष


**73.** यदि 'a' का अर्थ '÷', 'b' का अर्थ '+', 'c' का अर्थ '–' तथा 'd' का अर्थ '×' हो, तो
24a 6d 4b 9c 8 बराबर होगा
(a) 34 (b) 19
(c) 17 (d) 30

**74.** नीचे दिया गया वेन आरेख कन्नड़ (K), हिन्दी (H) और तेलुगू (T) के ज्ञान के सम्बन्ध में एक शहर में 1500 लोगों के सर्वेक्षण के परिणाम के बारे में जानकारी देता है।




सभी तीन भाषाएँ जानने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है?
(a) 50 (b) 150
(c) 300 (d) 1050

**75.** दिए गए चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें।
बार चार्ट में वर्ष 2016-2017 में कम्पनी 'ABC' की पाँच शाखाओं $A_1, A_2, A_3, A_4$ और $A_5$ से कलाई घड़ियों की बिक्री के बारे में जानकारी दी गई है।




वर्ष 2016 से वर्ष 2017 तक शाखाओं $A_2$ और $A_4$ की कुल बिक्री का अनुपात क्या है?
(a) 2 : 3 (b) 3 : 5
(c) 3 : 4 (d) 3 : 7

Scanned by CamScanner


76. नीचे एक प्रश्न और दो कथन I और II दिए गए हैं, जिनमें कुछ जानकारियाँ शामिल हैं। निर्णय लें कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए कौन-से कथन पर्याप्त हैं?
पिता की आयु और पुत्र की आयु में 21 वर्ष का अन्तर है। पुत्र की वर्तमान आयु कितनी है?
**कथन**
I. 5 वर्ष बाद, पिता की आयु और उसके पुत्र की आयु में 5 : 2 का अनुपात होगा।
II. 5 वर्ष बाद, पिता की आयु और पुत्र की आयु का योग 49 वर्ष होगा।
(a) केवल कथन I पर्याप्त है
(b) केवल कथन II पर्याप्त है
(c) या तो कथन I या कथन II पर्याप्त है
(d) कथन I और II दोनों पर्याप्त हैं

77. नीचे एक कथन और दो तर्क I और II दिए गए हैं। निर्णय लें कि कथन के सम्बन्ध में कौन-सा/से तर्क मजबूत है/हैं?
**कथन** क्या निजी क्षेत्र को भारत में अस्पतालों को संचालित करने की अनुमति दी जानी चाहिए?
**तर्क**
I. हाँ, वे उन्नत पश्चिमी देशों में संचालित होते हैं।
II. नहीं, अस्पतालों को निजी हाथों में रखना खतरनाक है।
(a) केवल तर्क I मजबूत है
(b) केवल तर्क II मजबूत है
(c) न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है
(d) I और II दोनों तर्क मजबूत हैं

78. दिए गए विकल्पों में से उस पद का चयन करें, जो तीसरे पद से उसी प्रकार सम्बन्धित है, जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से सम्बन्धित है।
लोहार : संदान :: बढ़ई : .........
(a) कुल्हाड़ी (b) आरी
(c) कुदाल (d) तलवार

79. शुक्रवार को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर छुट्टी थी। अगले महीने की 15 तारीख को फिर से छुट्टी का दिन है, इस 15 तारीख को कौन-सा दिन होगा?
(a) बुधवार (b) शुक्रवार
(c) रविवार (d) गुरुवार

80. चित्र में दिखाए गए अनुसार, शीट से एक बॉक्स बनाया जा सकता है। बॉक्स में $ की विपरीत सतह पर कौन-सा चिह्न होगा?




(a) @ (b) ÷
(c) + (d) ×

# 04 सामान्य जागरूकता

81. सिन्धु घाटी सभ्यता का हड़प्पा नगर निम्नलिखित में से किस नदी के किनारे अवस्थित था?
(a) रावी (b) सतलज
(c) सिन्धु (d) झेलम

82. पूर्व से पश्चिम की ओर बहने वाली नदी निम्नलिखित में से कौन-सी है?
(a) कृष्णा (b) कावेरी
(c) नर्मदा (d) चम्बल

83. कामाख्या मन्दिर किस राज्य का मुख्य पर्यटन स्थल है?
(a) पश्चिम बंगाल
(b) हिमाचल प्रदेश
(c) असोम
(d) राजस्थान

84. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना कौन करता है?
(a) वित्त मन्त्रालय
(b) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन
(c) नीति आयोग
(d) भारतीय सांख्यिकी संस्थान

85. भारतीय मानक समय रेखा कहाँ से गुजरती है?
(a) लखनऊ (b) ग्वालियर
(c) पटना (d) नैनी (इलाहाबाद)

86. भारतीय संविधान के अनुसार सम्पत्ति का अधिकार है
(a) मौलिक अधिकार
(b) नैतिक अधिकार
(c) कानूनी अधिकार
(d) प्राकृतिक अधिकार

87. निम्न में से कौन 'आर्ट ऑफ लिविंग' के संस्थापक हैं?
(a) श्री नारायण गुरु (b) श्री रविशंकर
(c) बाबा रामदेव (d) आचार्य रजनीश

88. 'बुल एवं बियर' पद का उपयोग होता है
(a) मुक्केबाजी के खेल में
(b) योजना आयोग में
(c) शेयर बाजार में
(d) आयकर विभाग में

89. सिमलीपाल वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?
(a) गुजरात (b) ओडिशा
(c) मध्य प्रदेश (d) असोम

90. 'भारत सेवक समाज' की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की?
(a) बाल गंगाधर तिलक (b) लाला लाजपत राय
(c) चितरंजन दास (d) गोपाल कृष्ण गोखले

91. सवाना घास के मैदान कहाँ स्थित हैं?
(a) अफ्रीका
(b) यूरोप
(c) उत्तरी अमेरिका
(d) दक्षिण अमेरिका

92. हमारी अर्थव्यवस्था में निम्न में से कौन-सा केन्द्रीय बैंक का कार्य नहीं है?
(a) सरकारी व्यय पर नियन्त्रण
(b) विदेशी मुद्रा विनिमय में सौदा करना
(c) बैंकों का बैंक के रूप में भूमिका निभाना
(d) मुद्रा नीति नियन्त्रित करना

93. 'विश्व योग दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 18 मार्च (b) 18 अप्रैल
(c) 21 जून (d) 10 जुलाई

94. 'सरदार सरोवर बाँध' किस नदी पर बनाया गया है?
(a) सतलज (b) नर्मदा
(c) यमुना (d) भागीरथी

95. कराधान (Taxation) किसका अंग है?
(a) मौद्रिक नीति (b) राजकोषीय नीति
(c) मूल्य नीति (d) श्रम नीति

96. वायुमण्डल में ओजोन गैस कहाँ पाई जाती है?
(a) क्षोभमण्डल में
(b) आयनमण्डल में
(c) समतापमण्डल में
(d) बहिर्मण्डल में

97. महावीर स्वामी की माता कौन थी?
(a) यशोदा (b) त्रिशला
(c) महामाया (d) इनमें से कोई नहीं

98. विश्व के कुल क्षेत्रफल का कितने प्रतिशत भाग भारत के पास है?
(a) 10.4 (b) 19.1
(c) 2.42 (d) 17.5

99. लक्षद्वीप द्वीप समूह स्थित है
(a) अरब सागर में (b) हिन्द महासागर में
(c) बंगाल की खाड़ी में (d) इनमें से कोई नहीं

100. राष्ट्रपति द्वारा जारी किए गए अध्यादेश की अधिकतम अवधि कितनी होती है?
(a) छः सप्ताह (b) तीन महीने
(c) छः महीने (d) दस महीने

Scanned by CamScanner

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 2. | (a) | 3. | (b) | 4. | (d) | 5. | (d) | 6. | (c) | 7. | (d) | 8. | (b) | 9. | (a) | 10. | (c) |
| 11. | (d) | 12. | (c) | 13. | (b) | 14. | (a) | 15. | (a) | 16. | (c) | 17. | (b) | 18. | (c) | 19. | (d) | 20. | (c) |
| 21. | (a) | 22. | (b) | 23. | (a) | 24. | (b) | 25. | (d) | 26. | (a) | 27. | (d) | 28. | (a) | 29. | (b) | 30. | (b) |
| 31. | (a) | 32. | (b) | 33. | (d) | 34. | (b) | 35. | (b) | 36. | (b) | 37. | (c) | 38. | (d) | 39. | (b) | 40. | (a) |
| 41. | (d) | 42. | (d) | 43. | (a) | 44. | (a) | 45. | (c) | 46. | (a) | 47. | (c) | 48. | (b) | 49. | (a) | 50. | (b) |
| 51. | (b) | 52. | (c) | 53. | (d) | 54. | (c) | 55. | (d) | 56. | (c) | 57. | (a) | 58. | (b) | 59. | (d) | 60. | (b) |
| 61. | (b) | 62. | (a) | 63. | (c) | 64. | (b) | 65. | (a) | 66. | (a) | 67. | (c) | 68. | (d) | 69. | (c) | 70. | (a) |
| 71. | (d) | 72. | (d) | 73. | (c) | 74. | (a) | 75. | (c) | 76. | (c) | 77. | (c) | 78. | (b) | 79. | (d) | 80. | (c) |
| 81. | (a) | 82. | (c) | 83. | (c) | 84. | (b) | 85. | (d) | 86. | (c) | 87. | (b) | 88. | (c) | 89. | (b) | 90. | (d) |
| 91. | (a) | 92. | (a) | 93. | (c) | 94. | (b) | 95. | (b) | 96. | (c) | 97. | (b) | 98. | (c) | 99. | (a) | 100. | (c) |

## व्याख्या एवं हल

**1.** रोडोफाइसी के सदस्यों को प्रायः लाल शैवाल कहते हैं। क्लोरोफाइमी हरे रंग के शैवाल और फियोफाइमी भूरे रंग के शैवाल होते हैं। सामान्यतः शैवाल उपर्युक्त तीन प्रकार के होते हैं।

**2.** तूतिया कॉपर सल्फेट का अन्य नाम है। इसे नीला थोथा भी कहा जाता है। प्रयोगशाला में कॉपर हाइड्रॉक्साइड पर सल्फ्यूरिक अम्ल की क्रिया से कॉपर सल्फेट बनाया जाता है।

**4.** मनुष्य में थायमोसिन हॉर्मोन का स्रावण थाइमस ग्रन्थि से होता है। यह हॉर्मोन लिम्फोसाइट के विभेदीकरण में सहायक तथा शरीर के रक्षा तन्त्र का भाग होता है।

**5.** प्रकाश-संश्लेषण क्लोरोफिल तथा सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में होता है। इस प्रक्रिया द्वारा पौधे सूर्य के प्रकाश की मौजूदगी में अपने पत्तों एवं हरे भागों में उपस्थित क्लोरोफिल की सहायता से पानी और कार्बन डाइ-ऑक्साइड को संश्लेषित करके भोजन को तैयार करते हैं।

**6.** साबुन का बुलबुला पृष्ठ तनाव के कारण गोला आकार प्राप्त कर लेता है। द्रव का पृष्ठ सदैव तनाव की स्थिति में रहता है तथा उसमें कम क्षेत्रफल या आकार प्राप्त करने की प्रवृत्ति होती है। द्रव के पृष्ठ का यही तनाव पृष्ठ तनाव कहलाता है।

**7.** भूमण्डलीय तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) की घटना में सबसे अधिक योगदान कार्बन डाइ-ऑक्साइड का है। पृथ्वी और वायुमण्डल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि को ग्लोबल वार्मिंग कहा जाता है, जिसका कारण पर्यावरण में बढ़ती ग्रीनहाउस गैसें हैं।

**9.** अगार (Agar) एक ऐसा व्यावसायिक उत्पाद है, जो जिलेडियम और ग्रेसिलेरिया से मिलता है, जिसका उपयोग सूक्ष्म जीवियों के संवर्धन में तथा आइसक्रीम और जैली बनाने में किया जाता है।

**10.** वस्तु का द्रव्यमान $(m) = 60$ किग्रा

चन्द्रमा पर गुरुत्वीय त्वरण $g$ का मान पृथ्वी के सापेक्ष $\frac{1}{6}$ होता है।

अतः चन्द्रमा पर वस्तु का भार

$$= \frac{m \cdot g}{6} = 60 \times \frac{g}{6} = 10g$$

$g$ का मान रखने पर,

$= 10 \times 9.8$ किग्रा-भार

$= 98.0$ किग्रा-भार $= 98N$

चूँकि 98N विकल्प (c) के सर्वाधिक निकट है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**11.** अम्ल, क्षारकों के साथ अभिक्रिया करके लवण एवं जल बनाते हैं।

$$\underset{\text{(हाइड्रोक्लोरिक अम्ल)}}{HCl} + \underset{\text{(सोडियम हाइड्रॉक्साइड)}}{NaOH} \longrightarrow \underset{\text{सोडियम क्लोराइड (लवण)}}{NaCl} + \underset{\text{जल}}{H_2O}$$

**12.** आर्थोपोडा प्राणी जगत् का सबसे बड़ा संघ है। इस संघ में कीट भी शामिल होते हैं। कीटों का बाह्य कंकाल काइटिन का बना होता है। शरीर खण्डयुक्त होता है। कीटों में तीन जोड़ी (6) पैर होते हैं। दीमक, जू, मच्छर आदि आर्थोपोडा संघ के जन्तु हैं।

**13.** इन्सुलिन की खोज फ्रेडरिक बैण्टिंग ने की थी। हमारे शरीर में अग्न्याशय इन्सुलिन का स्रावण करता है। मधुमेह रोगी को इन्सुलिन सही मात्रा में नहीं बनता, जो मधुमेह का कारण है। यह इन्सुलिन हॉर्मोन ही शरीर में ग्लूकोज की मात्रा को कण्ट्रोल करने में सहायक होता है।

**14.** दर्पण अथवा पॉलिशयुक्त परावर्ती पृष्ठ से होने वाले परावर्तन को नियमित परावर्तन कहते हैं। यदि आपतित किरण समान्तर है, तो इस परावर्तन में परावर्तन किरण भी समान्तर होगी।

**15.** प्रतिरोध को मापने की इकाई ओम (Ω) है। प्रतिरोध किसी चालक का वह गुण है, जो उसमें प्रवाहित धारा का विरोध करता है।

**16.** फेफड़े की धमनियाँ मानव हृदय तक अशुद्ध रक्त पहुँचाती हैं। धमनियाँ शरीर में काफी गहराई में स्थित होती हैं। ये रुधिर को शरीर के विभिन्न अंगों में पहुँचाती हैं।

**17.** क्रायोलाइट एल्युमीनियम का अयस्क है। क्रायोलाइट का उपयोग बॉक्साइट को कम ताप पर घुलाने हेतु किया जाता है। एल्युमीनियम भूपर्पटी पर सर्वाधिक मात्रा में पाई जाने वाली धातु है।

**18.** सरल लोलक एक दोलन पूरा करने में जितना समय लगाता है, उसे सरल लोलक का आवर्तकाल कहते हैं। जब कोई पिण्ड एक निश्चित समयान्तराल में एक ही निश्चित पथ पर बार-बार अपनी गति को दोहराता है, तो उसकी गति को आवर्त गति कहते हैं।

**19.** धातु सोडियम हाइड्रॉक्साइड से अभिक्रिया करके हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करती हैं।

**20.** पादप कोशिकाभित्ति मुख्यतः सेल्युलोज की बनी होती है। यह एक बहुत जटिल पदार्थ है तथा सेल्युलोज पौधों को संरचनात्मक दृढ़ता प्रदान करता है। कागज निर्माण में भी सेल्युलोज का प्रयोग किया जाता है।

**21.** कोहरा, बादल और कुहासा ऐरोसॉल के उदाहरण हैं। ओस, कोहरा, कुहासा और बादल संघनन की प्रक्रिया से बनते हैं तथा ये संघनन के रूप हैं।

**22.** चींटी के काटने पर फॉर्मिक अम्ल का रिसाव होता है, जो शरीर में तेज खुजली उत्पन्न करता है। फॉर्मिक अम्ल का उपयोग फलों को संरक्षित रखने में, जीवाणुनाशक के रूप में, चमड़ा व्यवसाय, रबर के स्कन्दन आदि में किया जाता है।

**23.** इटाई-इटाई रोग जल में कैडमियम के प्रदूषण से होता है। इस रोग में अस्थियों तथा जोड़ों में दर्द होता है।

Scanned by CamScanner

24. मानव शरीर की उत्सर्जन प्रणाली से नेफ्रॉन सम्बन्धित है। वृक्क, मानव का प्रमुख उत्सर्जी अंग है जिसमें लम्बी एवं कुण्डलित नलिकाएँ नेफ्रॉन पाई जाती हैं। नेफ्रॉन वृक्क की कार्यात्मक एवं संरचनात्मक इकाई है।

25. सूर्य की किरणों से हमें विटामिन-D प्राप्त होता है। गाजर में विटामिन-A, खट्टे पदार्थों में विटामिन-C तथा केले में विटामिन-K पाया जाता है।

26. ∵ 12 कुर्सियाँ + 15 मेज = ₹58968
⇒ 3(4 कुर्सियाँ + 5 मेज) = ₹58968
∴ 4 कुर्सियाँ + 5 मेज = ₹19656

27. 5, 10, 12, 15 का ल.स. = 60
अतः वह संख्या $60k + 2$ होगी।
$k = 3$ लेने पर,
∴ अभीष्ट संख्या $= 60 \times 3 + 2 = 182$

28. अभीष्ट कीमत $= \frac{228}{12} \times 112 =$ ₹2128

29. अभीष्ट संख्या = [36, 45, 50 का ल.स. − 3]
$= 900 - 3 = 897$

30. ∵ $\sqrt{9909} = 99.54$
∴ अभीष्ट संख्या $= (99)^2 = 9801$

31. माना प्रारम्भिक मूल्य ₹$x$ प्रति किग्रा है।
प्रश्नानुसार, $\frac{240}{x \times \frac{85}{100}} - \frac{240}{x} = 2$
$\Rightarrow \frac{24000}{85x} - \frac{240}{x} = 2$
$\Rightarrow \frac{24000 - 20400}{85x} = 2$
$\Rightarrow \frac{3600}{85x} = 2$
$\Rightarrow x =$ ₹$\frac{360}{17}$ प्रति किग्रा
∴ नया मूल्य $= \frac{360}{17} \times \frac{85}{100} =$ ₹18 प्रति किग्रा

32. माना मूलधन = ₹$x$
∴ $\frac{30x}{100} = \frac{x \times 6 \times r}{100}$
∴ $r = \frac{30}{6} = 5\%$
पुनः $x = \frac{x \times t \times 5}{100}$
∴ $t = 20$ वर्ष

33. माना 11 पारियों का औसत $x$ है।
अब, $11x + 90 = 12(x - 5)$
∴ $x = 90 + 60 = 150$
12वीं पारी के बाद अभीष्ट औसत $= 150 - 5$
$= 145$

34. एक वर्ष का ब्याज $= 854 - 815 =$ ₹39
∴ धनराशि $= 815 - 3 \times 39 =$ ₹698

35. क्रय मूल्य $= \frac{375}{12} \times 800 =$ ₹250
विक्रय मूल्य $= \left(\frac{450}{2} + \frac{350}{5} \times 2\right) =$ ₹365
∴ लाभ प्रतिशत $= \frac{365 - 250}{250} \times 100\% = 46\%$

36. प्रश्नानुसार, $8000 \times \frac{112}{100} = 11200 \times \frac{(100 - x)}{100}$
$\Rightarrow 8960 = 11200 - 112x$
∴ $x = \frac{2240}{112} = 20\%$

37. ब्याज $= \frac{58750 \times 12 \times 4}{100} =$ ₹28200
∴ मिश्रधन $= 58750 + 28200 =$ ₹86950

38. एथेनॉल की मात्रा $= \frac{4}{5} \times 60 = 48$ लीटर
ईथर की मात्रा $= 60 - 48 = 12$ लीटर
प्रश्नानुसार, $\frac{48}{12 + x} = \frac{2}{1}$
$\Rightarrow 48 = 2(12 + x)$
$\Rightarrow 48 = 24 + 2x$
$\Rightarrow 2x = 48 - 24 = 24$
∴ $x = \frac{24}{2} = 12$ लीटर
अतः 2 : 1 बनाने के लिए इसमें 12 लीटर ईथर मिलाना होगा।

39. चक्रवृद्धि ब्याज $= 7800\left[\left(1 + \frac{5}{100}\right)^3 - 1\right]$
$= 7800\left[\left(\frac{21}{20}\right)^3 - 1\right]$
$= 7800\left[\frac{9261 - 8000}{8000}\right]$
= ₹1229.475

40. यदि राम 8 वर्ष का है, तो गीता 6 वर्ष की एवं कमल $6 \times 5 = 30$ वर्ष का होगा।

41. अभीष्ट छूट प्रतिशत
$= 100 - 100 \times \frac{80}{100} \times \frac{85}{100} \times \frac{90}{100}$
$= 100 - 61.2 = 38.8\%$

42. अभीष्ट औसत
$= \frac{352 + 324 + 679 + 748 + 523 + 425 + 340 + 249}{8}$
$= \frac{3640}{8} = 455$

43. माना रवि की आयु $3x$ वर्ष तथा जय की आयु $2x$ वर्ष है।
$(3x - 4) - (2x - 4) = 6$
$\Rightarrow x = 6$
∴ जय की वर्तमान आयु $= 2x = 2 \times 6$
$= 12$ वर्ष

44. औसत चाल $= \frac{24 + 36}{\frac{24}{16} + \frac{36}{15}}$
$= \frac{60}{\frac{3}{2} + \frac{12}{5}} = \frac{60 \times 10}{39}$
= 15.38 किमी/घण्टा

45. ∵ $\frac{X}{Y} = \frac{25}{100}$ तथा $\frac{Y}{Z} = \frac{50}{100}$
∴ $\frac{X}{Z} = \frac{X}{Y} \times \frac{Y}{Z} = \frac{25}{100} \times \frac{50}{100} = \frac{1}{8}$


46. मजदूरी का अनुपात
= उनकी कार्य क्षमता का अनुपात = 1
उनके द्वारा लिए गए समयों का अनुपात
$= \frac{1}{30} : \frac{1}{40} = \frac{\boxed{4:3}}{120} = 4:3$
∴ $B$ का हिस्सा
$= \frac{3}{4 + 3} \times 7000 = \frac{3}{7} \times 7000 =$ ₹3000

47. माना शेष यात्रा के लिए गति $x$ किमी/घण्टा है।
∴ चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$ से,
$\frac{46}{1} = \frac{46}{\frac{25}{40} + \frac{46 - 25}{x}}$
$\Rightarrow \frac{25}{40} + \frac{21}{x} = 1$
$\Rightarrow \frac{21}{x} = 1 - \frac{25}{40} = \frac{15}{40}$
∴ $x = \frac{21 \times 40}{15} = 56$ किमी/घण्टा

48. ∵ अंकित मूल्य का 76% = 779
∴ अंकित मूल्य $= 779 \times \frac{100}{76} =$ ₹1025

49. अभीष्ट समय $= \frac{180 + 120}{(65 + 55) \times \frac{5}{18}} = \frac{300 \times 18}{120 \times 5}$
= 9 सेकण्ड

50. ब्याज $= \frac{P \times t \times r}{100}$ से,
∵ $7500 = \frac{25000 \times 3 \times r}{100}$
$\Rightarrow r = \frac{7500}{250 \times 3} = 10\%$
पुनः $CI = 25000\left[\left(1 + \frac{10}{100}\right)^3 - 1\right]$
$= 25000 \times \frac{331}{1000} =$ ₹8275

51. प्रश्नानुसार, वेन आरेख बनाने पर,


∴ कुल छात्र = 200 + 100 + 50 = 350

52. RETURNING में दो N तथा दो R हैं, जो मूल शब्द में नहीं हैं इसलिए यह शब्द मूल शब्द से बनना सम्भव नहीं है।

53. $(?)^2 = 32 \times 648 = 16 \times 2 \times 2 \times 324$
∴ ? $= 4 \times 2 \times 18 = 144$

54. जिस प्रकार, दूध से मक्खन बनाया जाता है। उसी प्रकार, पेपर से किताब बनाई जाती है।

55. माना T व R के मध्य x विद्यार्थी हैं।


∴ अभीष्ट संख्या (x) = 20 − (4 + 5) = 11

Scanned by CamScanner

**56.** विकल्प (c) से,

1 A → 6 F → 11 K → 16 P → 21 U → 26 Z

+5, +5, +5, +5, +5

अतः विकल्प (c) सही होगा।

**57.** शेष मसाले के विभिन्न प्रकार हैं। नमक उससे भिन्न है।

**58.** संख्या शृंखला का क्रम निम्नवत् है

100 50 52 26 28 [14] 16 8

÷2, +2, ÷2, +2, ÷2, +2, ÷2

अतः संख्या 14 शृंखला को पूर्ण करेगी।

**59.**




अतः गोपाल, गोविन्द का पिता होगा।

**60.** दो शब्द बनाने सम्भव हैं

PAN (तवा) तथा NAP (झपकी लेना)

**61.** प्रश्नानुसार, दी गई जानकारी के अनुसार क्रम निम्नवत् है

C E B A D

स्पष्टतः B मध्य में है।

**62.** जिस प्रकार, बैंक 'मनी ट्रांजेक्शन' की सुविधा देता है। उसी प्रकार, ट्रांसपोर्ट गुड्स ट्रांजेक्शन की सुविधा देता है।

**63.** ∵ L I B E R A L I Z A T I O N

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

3 4 2 5 6 1 3 4 9 1 8 4 7 0

यहाँ दिए गए अक्षरों का कूट संगत अंक है।

∴ A E R A T I O N

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

[1 5 6 1 8 4 7 0]

**64.** प्रश्नानुसार,

∵ सुजय > अमर > अभय ...(i)

तथा जीवन > कुमार > सुजय ...(ii)

समी. (i) व (ii) से,

⇒ जीवन > कुमार > सुजय > अमर > अभय

स्पष्टतः जीवन सबसे बड़ा है।

**65.** संख्या शृंखला का क्रम निम्नवत् है

7 10 8 11 9 12 [10]

(7 → 8 → 9 → 10: +1, +1, +1; 10 → 11 → 12: +1, +1)

अतः शृंखला में अगली संख्या 10 होगी।

**66.** सभी धातुएँ हैं, किन्तु पारा द्रव रूप में है, शेष ठोस रूप में हैं।

**67.** संख्या शृंखला का क्रम निम्नवत् है

3 6 12 21 [33] 48

+3, +6, +9, +12, +15

अतः विकल्प (c) शृंखला को पूर्ण करेगा।

**68.** जिस प्रकार, BAT ⇒ 2 + 1 + 20 = 23

⇒ 23 × 3 = 69

उसी प्रकार, MAN ⇒ 13 + 1 + 14 = 28

⇒ 28 × 3 = [84]

**69.** $\because \frac{?}{26} \times 17 = 7225$

$\therefore \quad ? = \frac{7225 \times 26}{17} = 11050$

**70.** अभीष्ट औसत

$= \frac{587 + 221 + 60 + 342 + 188 + 426 + 225 + 367}{8}$

$= \frac{2416}{8} = 302$

**71.** संख्या शृंखला का क्रम निम्नवत् है

987654321 / 87654321 / 7654321 / 6

? = 6

अतः अगली संख्या 6 होगी।

**72.** बच्चे के जन्म के समय माता की आयु

= 35 − 7 = 28 वर्ष

∴ अभीष्ट अन्तर = 32 − 28 = 4 वर्ष

**73.** दिया गया व्यंजक, 24 a 6 d 4 b 9 c 8

प्रश्नानुसार,

चिह्न परिवर्तन के बाद

? = 24 ÷ 6 × 4 + 9 − 8 = 16 + 1 = 17

**74.** सभी तीन भाषाएँ जानने वाले व्यक्तियों की संख्या = 50

**75.** वर्ष 2016 और 2017 में शाखाओं $A_2$ और $A_4$ की कुल बिक्री का अनुपात

= (15 + 15) : (10 + 30) = 30 : 40 = 3 : 4

**76.** माना पुत्र की वर्तमान आयु $x$ वर्ष है।

तब, पिता की वर्तमान आयु = $(x + 21)$ वर्ष

कथन I से, $(x + 21 + 5) : (x + 5) = 5 : 2$

$\Rightarrow \frac{x + 26}{x + 5} = \frac{5}{2} \Rightarrow 2x + 52 = 5x + 25$

$\Rightarrow 3x = 27 \Rightarrow x = 9$

पुत्र की वर्तमान आयु 9 वर्ष है।

कथन II से, $(x + 21 + 5) + (x + 5) = 49$

$\Rightarrow 2x + 31 = 49 \Rightarrow 2x = 18 \Rightarrow x = 9$ वर्ष

पुत्र की वर्तमान आयु 9 वर्ष है।

अतः प्रश्न का उत्तर देने के लिए या तो कथन I या कथन II पर्याप्त है।

**77.** कथन के सन्दर्भ में दिया गया कोई भी तर्क मजबूत नहीं है।

**78.** जिस प्रकार, लोहार संदान का प्रयोग करता है; उसी प्रकार, बढ़ई आरी का प्रयोग करता है।


**79.** गणतन्त्र दिवस अर्थात् 26 जनवरी और 15 फरवरी के बीच दिनों की संख्या

= 5 + 15 = 20 = 7 × 2 + 6

विषम दिनों की संख्या = 6

अतः अभीष्ट दिन शुक्रवार के 6 दिन बाद वाला दिन अर्थात् गुरुवार होगा।

**80.** दी गई आकृति,




विपरीत सतह

+ ⟷ $

× ⟷ @

÷ ⟷ ✱

अतः बॉक्स में चिह्न '$' की विपरीत सतह पर चिह्न '+' होगा।

**81.** सिन्धु घाटी सभ्यता का हड़प्पा नगर, पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में मॉण्टगोमरी जिले में रावी नदी के तट पर स्थित था। इस पुरास्थल की खोज 1921 ई. में दयाराम साहनी ने की थी।

**85.** भारत की मानक समय रेखा $82\frac{1}{2}°$ पूर्वी देशान्तर इलाहाबाद के निकट नैनी से होकर गुजरती है। यह भारत के 5 राज्यों—उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा तथा आन्ध्र प्रदेश से होकर गुजरती है।

**86.** सम्पत्ति के मौलिक अधिकार को संविधान के 44वें संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा समाप्त कर दिया गया, अब यह एक कानूनी अधिकार है।

**88.** 'बुल एवं बियर' अथवा तेजड़िया और मन्दड़िया शेयर बाजार से सम्बन्धित हैं, जो व्यक्ति स्टॉक की कीमत बढ़ाना चाहता है वह तेजड़िया कहलाता है और जो व्यक्ति स्टॉक की कीमत घटना चाहता है, वह मन्दड़िया कहलाता है।

**92.** रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया (RBI) सरकारी व्यय पर नियन्त्रण नहीं करता। RBI को भारत का केन्द्रीय बैंक कहा जाता है। यह बैंकों के बैंक के रूप में कार्य करता है तथा मौद्रिक नीति एवं विदेशी विनिमय दर को नियन्त्रित करता है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**94.** सरदार सरोवर बाँध गुजरात में नर्मदा नदी पर निर्मित है। यह सिंचाई जल विद्युत परियोजना है जो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात तथा राजस्थान को लाभान्वित करती है।

**95.** कराधान (Taxation) राजकोषीय नीति का अंग है। इसके अतिरिक्त व्यय, सार्वजनिक ऋण तथा हीनार्थ प्रबन्धन आदि से सम्बन्धित नीति को भी राजकोषीय नीति कहा जाता है।

**97.** 24वें जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी की माता का नाम त्रिशला था, जो लिच्छवी नरेश चेटक की बहन थी।

**99.** लक्षद्वीप अरब सागर में स्थित है। इसकी उत्पत्ति प्रवाल भित्तियों द्वारा हुई है। एण्ड्राट, लक्षद्वीप का सबसे बड़ा द्वीप है तथा 9° चैनल लक्षद्वीप एवं मिनिकाय के मध्य स्थित है। लक्षद्वीप की राजधानी कवारत्ती है।

Scanned by CamScanner